Inbox (1895/32123) 935KB

Back | New | Reply | ReplyAll | Forward | FwdAsAtt | FwdAsOrig | Print | AddrBook | Calendar | WebDisk | Pref | Logout | Learn | ToTrash

8/32123 +html+

Date: Wed, 13 Sep 2023 17:59:32 +0530 (IST)
From: Website Division <website-ugc@gov.in>
To: vicechanceloraku@gmail.com, vc.brabu@gmail.com, "vc-bnmu-bih" <vc-bnmu-bih@n
.....
CC: "Secretary UGC" <secy.ugc@nic.in>, "Hitesh Manik" <hitesh.ugc .....
Subject: Fwd: हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

All h

All attac

आदरणीय सर एवं मैडम ,

हिन्दी दिवस के अवसर पर सचिव विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का संदेश पत्र की प्रतिलिपि संलग्न है !

सादर

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
नई दिल्ली

Attachment 2: सन्देश हिंदी दिवस .pdf (920KB) Delete WebDisk
Type: application/pdf
Encoding: base64
Download

8/32123

Charset utf-8 * | -- Stationery for Reply -- | Saved | Mov

Panjab University

Important: Computer Centre (CC) never sends email for getting user information. Kindly discard such emails purported to be originated by CC to gather your username and password or any other personal information. This may be a phishing mail.

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
प्रा. मनिष र. जोशी
सचिव
Prof. Manish R. Joshi
Secretary

सत्यमेव जयते

भारत 2023 INDIA
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Education, Govt. of India)

DUI2/23/3057
15/09/2023

13 सितंबर, 2023 / भाद्रपद 22, 2023

D-VC/23/3642
14/9/2023

संदेश

हिन्दी दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

भारतीय नवजागरण के अग्रदूत भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने निज भाषा का महत्व बताते हुए लिखा है–"निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल, बिनु निज भाषा–ज्ञान के, मिटत न हिय के सूल"। मातृभाषा की उन्नति बिना किसी भी समाज की तरक्की संभव नहीं है। निज भाषा से भारतेन्दु जी का तात्पर्य हिन्दी सहित सभी भारतीय भाषाओं से है। आजादी के बाद हिन्दी सहित सभी भारतीय भाषाओं के उत्थान का जो सपना देखा गया था उसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 पुरजोर समर्थन करती है। यह नीति भारत की बहुभाषिकता का सम्मान करते हुए प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में देने की अनुशंसा करती है। भारतीय भाषाओं के विकास से ही हिन्दी का विकास एवं विस्तार संभव है।

भारतीय भाषाओं के समुचित उन्नयन की रूपरेखा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है। भारत की प्रत्येक बोली और भाषा को संजोकर रखना, उसे आगे बढ़ाना, उसमें पठन–पाठन की व्यवस्था करना हम सभी का दायित्व है, क्योंकि भाषाएं हमें अपनी संस्कृति से जोड़ती है। हमारी भाषाएं भारत की एकता–अखंडता को अक्षुण्ण रखने का एक सशक्त माध्यम है। भारत विविधताओं से भरा देश है। हिन्दी देश के विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के लोगों को एकता के सूत्र में पिरोती है। राजभाषा हिन्दी का किसी भी अन्य भारतीय भाषाओं से प्रतिस्पर्धा नहीं है बल्कि भारतीय भाषाओं के समुचित विकास से ही हिन्दी पुष्पित और पल्लवित होगी।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार और शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राजभाषा हिन्दी के प्रसार एवं संवर्द्धन के लिए सदैव प्रतिबद्ध और निरंतर प्रयासरत है।

आइए, हिन्दी दिवस के इस अवसर पर हम सभी प्रतिज्ञा करें कि सरकारी कामकाज में अधिकाधिक हिन्दी का प्रयोग करेंगे और हिन्दी के प्रचार–प्रसार एवं संवर्द्धन में अपना सहयोग देंगे।

हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को पुनः मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिन्द!

(मनिष जोशी)

DUR
circulate
14/9/23

वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

बहादुरशाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002 | Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
Ph.: 011-23236288/23239337 | Fax : 011-2323 8858 | E-mail : secy.ugc@nic.in

Circulate